हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार 7 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 37 .5 डिग्री
न्यूनतम 27 .5 डिग्री

14 आधुनिक लाइटों से जगमग होगा एनएच-352...



14 विद्यार्थियों को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों...



## खबर संक्षेप

### सरेआम सट्टा खाईवाली के दो आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। जिला पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जगन गेट चौकी पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते हुए मोहल्ला वैधवाडा निवासी ताराचंद को गिरफ्तार किया है। गत 5 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली थी कि ताराचंद निवासी मोहल्ला वैधवाडा दिल्ली रोड शमशान घाट के सामने सरेआम सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची व 2160 रुपये बरामद किए गए। वही सेक्टर-3 चौकी पुलिस ने सट्टा खाईवाली बिहार के जिला बेगूसराय के गांव पंचरुखी हाल किरायेदार मोहल्ला परशुराम कॉलोनी निवासी सुजीत को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1590 रुपये बरामद किए।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

कोसली। कोसली से नांगल पठानी रोड़ पर हुई सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कोसली गांव निवासी नितिन ने शिकायत में बताया कि 2 जुलाई को उनका भाई पवन मोटरसाइकिल पर सामान लेने नांगल पठानी रोड़ पर गया था। जहां एक चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए उनके भाई की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी। किसी व्यक्ति ने उसे कोसली अस्पताल पहुंचाया। सूचना के बाद वे कोसली अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टर ने उसे रेवाड़ी रैफर कर दिया, लेकिन वे पवन को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए।

### कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

कोसली। कारोली गांव के समीप रविवार को हुई सड़क दुघर्टना में मोटरसाइकिल सवार महिला की मौत हो गई। मृतक महिला के पुत्र दीपक ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि रविवार को वह अपनी मां सुनीता के साथ मोटरसाइकिल पर बहन रेनू के गांव गोरिया से अपने गांव बव्वा आ रहे थे कि कारोली गांव के पैट्रोल पंप के पास सामने से एक तेज रफतार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दोनो बाइक सहित सड़क पर जा गिरे। आसपास के लोगों ने दोनों को नाहड़ अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसकी मां को मृत घोषित कर दिया।

### अवैध शराब बेचने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध रूप से शराब बेचने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से गांव गोकलगढ़ निवासी आरोपी कुनाल को 12 बोतल अंग्रेजी शराब सहित काबू किया है। शहर थाना पुलिस टीम ने मोहल्ला आनंद नगर निवासी आरोपी नीरज को 15 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। मॉडल टाउन थाना क्षेत्र से गांव ढालियावास निवासी लक्ष्मण सैन को 14.5 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। वही रामपुरा थाना पुलिस टीम ने क्षेत्र से मोहल्ला आदर्श नगर निवासी मोहित को 14.5 बोतल देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है।

### थाना कसोला में शिकायत निवारण शिविर आज


रेवाड़ी। जिला पुलिस आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। आम जनता और पुलिस के बीच समन्वय बढ़ाने तथा लंबित शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए थाना स्तर पर विशेष शिकायत निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को सुबह 9 से 11 बजे थाना कसोला से फरियादियों की समस्याओं के समाधान के लिए शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। डीएसपी श्योराण ने बताया कि शिविर का उद्देश्य फरियादियों की समस्याओं का कानून के दायरे में रहते हुए निवारण करना है।

# दिन व रात के तापमान में मामूली गिरावट, उमस भरी गर्मी ने किया परेशान

- किसानों को अच्छी फसल के लिए बरसात का इंतजार, आगामी दो दिनों तक रुक-रुककर हो सकती है हल्की से मध्यम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में बरसात होने से मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। बरसात के बाद मौसम सुहाना बन जाता है, तो बरसात थमते ही उमस भरी गर्मी पसीना छुड़ाने लगती है। जिससे लोगों का जी दुभर हो जाता है। हवा में नमी का स्तर काफी बढ़ा हुआ होने के कारण धूप निकलने के बाद मौसत चिपचिपा बन जाता है। गत दिवस रविवार को बावल व धारूहेड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में बरसात होने से गर्मी से कुछ राहत मिली, लेकिन सोमवार को सुबह से मौसम साफ रहने के बाद उमस भरी गर्मी ने लोगों के पसीने निकालने का काम किया। प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका है, लेकिन अभी बारिश नहीं होने से लोगों को निराशा मिल रही है। जल्द एक बार फिर से हल्की या मध्यम बरसात शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे उमस भरी गर्मी से राहत की उम्मीद है। सोमवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा। उमस भरी गर्मी दिन भर लोगों के पसीने छुड़ाती रही। हवा में नमी का स्तर 80 फीसदी तक होने के कारण धूप निकलने के बाद वातावरण में उमस बन गई। हालांकि दिन व रात के तापमान में कमी दर्ज की गई, लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिली। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 37.5 डिग्री पर आ गया। वही न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उमस और गर्मी दोपहर बाद तक लोगों का पसीना निकालती रही। चिपचिपाहट भरी हवा ने कूलरों को भी फेल कर दिया। शाम के समय बादल गहराने के बाद बरसात की उम्मीद बनी, लेकिन उमस भरी गर्मी का असर कम नहीं हुआ। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी दो दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान कई इलाकों में हल्की से मध्यम बरसात होने की संभावना है। बरसात शुरू होने के बाद तापमान में कमी दर्ज की जाएगी। अभी तक मानसून के दौरान भारी बारिश जिले में देखने को नहीं मिली है।



रेवाड़ी। एक खेत में कपास की फसल से आई हरियाली। फोटो : हरिभूमि

### किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार

किसान बरसात नहीं होने से कपास व बाजरे की फसल में ट्यूबवेलों से सिंचाई करने में लगे है। खेतो में अब फसलों से हरियाली छाने लगी है। किसान अच्छी बरसात का इंतजार कर रहे है। हल्की बरसात या बूंदाबांदी भी खरीफ फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। अभी काफी किसान बाजरे की बिजाई नहीं कर पाए हैं। उन्हें मानसून की अच्छी बारिश का इंतजार है। बारिश होते ही बाजरे की बिजाई शुरू कर दी जाएगी।

## शहर के पब्लिक टॉयलेट्स बदहाल सफाई के अभाव में गंदगी से सराबोर

# पानी की नहीं व्यवस्था, गंदगी के कारण शौचालय इस्तेमाल नहीं कर पा रहे लोग

शौचालयों के मेंटेनेंस के लिए जनवरी माह में करीब 28.27 लाख का किया था टेंडर, ज्यादातर शौचालयों के दरवाजे व वॉशबेसिन तक टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सफाई और मेंटेनेंस के टेंडर होने के बाद भी शहर के सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। शहर के अधिकतर पब्लिक टॉयलेट जर्जर अवस्था के साथ गंदगी से पूरी तरह सरोबार है। नागरिक व्यवस्था से महरूम व गंदगी युक्त पब्लिक टॉयलेट में अंदर जाने से भी परहेज कर रहे है। नागरिकों गंदगी से सरोबार टॉयलेट में संक्रमण का खतरा है। नगर परिषद की ओर पब्लिक टॉयलेट्स की दशा सुधारने के लिए भी कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। पिछले दिनों स्वस्थता सर्वेक्षण टीम के आने पर कुछ शौचालयों में सफाई कराई गई थी, लेकिन उसके बाद से शौचालयों पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पब्लिक टॉयलेट्स में सीट, पानी की टंकी, वॉशबेसिन व दरवाजे तक टूटे हुए है। यहां तक कि कई शौचालयों मे तो वॉशबेसिन में टोंटी तक नहीं है वही टॉयलेट में पानी की भी व्यवस्था नहीं है। संयुक्त रूप से बने महिला व पुरुषों के दोनों पब्लिक टॉयलेट की हालत दयनीय हो चुकी है। शौचालयों के मेंटेनेस के लिए जनवरी माह में करीब 28.27 लाख रुपये का एक वर्ष के लिए टेंडर किया गया था, लेकिन टेंडर होने के बाद से अभी तक शौचालयों की सुध नहीं ली गई है।



रेवाड़ी। नाईवाली चौक पर पुराने पब्लिक टायलेट के पास गंदगी का आलम। फोटो : हरिभूमि

### नए शौचालयों का भी अटका पड़ा कार्य



नगर परिषद की ओर से शहर में 36.43 लाख रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो शौचालय का निर्माण कार्य भी शुरू किया गया था। नप की ओर से राव तुलाराम पार्क के पास व दूसरे टॉयलेट का निर्माण रोडवेज वर्कशॉप में किया जाना था, लेकिन राव तुलाराम पार्क के पास टॉयलेट का निर्माण कार्य पिछले 4 महीने से अधूरा पड़ा हुआ है, जबकि उसके पास स्थित पहले से बने टॉयलेट की हालत काफी दयनीय बनी हुई है।

### शिकायत करने पर भी कोई एक्शन नहीं

नगर परिषद की ओर से सभी शौचालयों के ऊपर शिकायत के लिए नंबर लिखे गए है, लेकिन ये नंबर जरूरत के समय रिसीव तक नहीं होते है और अगर रिसीव हो भी गया तो कोई संतुष्टि भरा जवाब नहीं मिलता है। ज्यादातर लोग तो शौचालय की बाहर की हालत को देखकर ही अंदर जाने से कतराते है, क्योंकि शौचालयों में बिल्कुल भी सुविधा नहीं है।

### प्रति वर्ष लाखों के टेंडर, देखरेख नहीं

शहर में करीब 22 सार्वजनिक शौचालय और 11 यूरिनल बने हुए है। नगर परिषद की ओर से शौचालयों के रखरखाव के नाम पर प्रति वर्ष लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। नेहरू पार्क के बाहर, गोकल गेट, नाईवाली चौक, सती कॉलोनी, रेलवे रोड, अनाजमंडी के पास, ऑटो मार्केट, बारा हजारी, गर्ल्स स्कूल के पास व रेलवे रोड सहित ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी का आलम छाया हुआ है। इनमें से कई शौचालय जर्जर हालत में आ चुके है। नगर परिषद की लापरवाही के कारण ठेकेदार की ओर से शौचालयों में मेंटेनेंस के नाम पर प्रति वर्ष खानापूर्ति कर दी जाती है।

# पूंजीपतियों को मालामाल कर रही सरकार: राजेंद्र



रेवाड़ी। किसानों को संबोधित करते हुए कामरेड राजेन्द्र सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन एआईकेकेएमएस की ओर से सोमवार को गांव राजपुरा ईस्तमुरार में जनसभा का आयोजन किया गया। संगठन की ओर से किसानों व मजदूरों की मांगों को लेकर गांव-गांव जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि जन जीवन के ज्वलंत मुद्दे महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में, मनरेगा स्कीम की बहाली के लिए , किसानों को उनकी फसल लागत से डेढ़ गुना लाभकारी मूल्य देने, किसान मजदूरों को कर्ज मुक्त करने, किसान विरोधी अमेरिका भारत डील, बिजली के निजीकरण व स्मार्ट मीटर, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, सीएनजी व खाद तथा बीज के बढ़ाए गए रेट के विरोध में आगामी दिनों में प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार लगातार किसान विरोधी नीतियां लाकर पूंजीपतियों की बड़ी-बड़ी कंपनियों को मालामाल कर रही है, जिसके चलते किसान की आर्थिक हालत खराब होती जा रही है। नतीजतन किसान कर्ज के जाल में फंसकर आत्म हत्या करने पर मजबूर हो रहा है। वही पढ़ें लिखे युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। खेती में काम आने वाले खाद, बीज, कीटनाशक व खेती के औजार मशीनरी के दाम आसमान छू रहे हैं। किसानों को फसल के वाजिब दाम नहीं मिल रहे है। प्राकृतिक आपदा होने पर फसल खराबे का मुआवजा तक नहीं मिल रहा है। फसल बीमा योजना से बीमा कंपनियां मालामाल हो रही है। ज्यादातर किसानों के पास फसल का बीमा करवाने के लिए समय पर पैसा नहीं होता है। किसान नेता शेरसिंह मीरपुर ने कहा कि किसान-मजदूर अपनी एकता एवं आंदोलन के ताकत से ही अपनी मांगों को हासिल कर सकते हैं। जिला प्रधान रामकुमार निमोठ ने भी अपने विचार रखे। जनसभा का संचालन संगठन के जिला उपाध्यक्ष अमरसिंह राजपुरा ने किया। एम्स संघर्ष समिति मनेठी के अध्यक्ष बाबू कैलाश चन्द्र, धर्मपाल आलियावास व शिवपाल चिमनावास सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## दो बैंक खातों से 1.50 लाख रुपये उड़ाने के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने एक युवक के दो बैंक खातों से 1.50 लाख रुपये उड़ाने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला सिद्धार्थ नगर के गांव बरहनी निवासी अब्दुल हफीज के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 11 मई को मोहल्ला सरस्वती विहार में रह रहे मूलरूप से यूपी के जिला संत रविदास नगर भदोई के गांव मीरापुर निवासी योगेश कुमार मोर्य ने शिकायत में बताया था कि गत 23 अप्रैल को उसके मोबाइल फोन पर मैसेज आया था। मैसेज में उसके यूनियन बैंक खाते से 1 लाख रुपये और एसबीआई के खाते से 50 हजार रुपये निकलने की सूचना थी। उसने न तो किसी के साथ ओटीपी शेयर किया था और न ही किसी लिंक पर क्लिक किया था। जब उसने दोनों बैंकों के कस्टमयर केयर नंबर पर संपर्क किया तो उसे बताया कि उसके खातों से पैसों की निकासी की गई है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी करते हुए उसके दोनों बैक खातों से 1.50 लाख रुपये उड़ा लिए।



## भाड़ावास रोड पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रेवाड़ी। रविवार देर रात भाड़ावास रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सड़क हादसा भाड़ावास रोड स्थित केरला स्कूल के पास हुआ। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गांव खरखड़ी निवासी 29 वर्षीय विनय के रूप में हुई है। युवक टेलीकॉम कंपनी में कार्यरत था। मृतक के चचेरे भाई मौसम ने बताया कि रविवार को विनय उसके पास आया था। उसे बहन के घर जाना था। इसलिए दोनों अलग-अलग बाइक पर गांव के लिए रवाना हुए। भाड़ावास पहुंचने के बाद मौसम अपने कुछ परिचितों से मिलने रुक गया, जबकि विनय आगे निकल गया। उसे सूचना मिली कि केरला स्कूल के पास एक बाइक सवार का सड़क हादसा हो गया है। सूचना मिलते ही उसने परिजनों को जानकारी दी और स्वयं घटनास्थल की ओर रवाना हो गया।



# दूषित पानी की निकासी नहीं होने से ग्रामीण परेशान, डीसी को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि बरसात के मौसम में आमजन को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं की जाए। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जल निकासी के लिए उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान एसपी हेमेंद्र मीणा व अन्य अधिकारियों के साथ आमजन की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। समाधान शिविर में गांव खंडोड़ा में दूषित पानी की निकासी, गांव रामगढ़ में रास्ते पर अवैध कब्जे, गांव बालावास अहीर में मंदिर व जोहड़ की जमीन पर अवैध कब्जे, गांव काकोड़िया से गांव मुढ़लिया के खेत में दूषित पानी की समस्या, शहर के शक्ति नगर में सीवरेज की सफाई, गांव फदनी में दूषित पानी की निकासी तथा गांव कोहारड़ में दूषित पानी का नाला रूके होने की शिकायत पर डीसी ने अधिकारियों को जल्द समाधान कराने के निर्देश दिए।



### वेरावल-हरिद्वार साप्ताहिक रेल का संचालन आज से

रेवाड़ी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09203 वेरावल-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 7 जुलाई से 28 जुलाई तक वेरावल से प्रत्येक मंगलवार को शाम 4:05 बजे रवाना होकर अगले दिन रात्रि 8:40 बजे हरिद्वार पहुंचेगी।गाड़ी संख्या 09204 हरिद्वार-वेरावल साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 8 जुलाई से 29 जुलाई तक हरिद्वार से प्रत्येक बुधवार रात्रि 9:30 बजे रवाना होकर शुक्रवार को सुबह 9:45 बजे वेरावल पहुंचेगी। यह जूनागढ, जेतलसर, ढासा , धोला, बोटाड, धंधुका, धोलका, गांधीग्राम, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड जंक्शन, ब्यावर, अजमेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## सोमवार को नपा धारूहेड़ा के चेयरमैन व वार्ड पार्षदों ने ली शपथ

# गुरुग्राम के बाद रेवाड़ी होगा सबसे विकसित जिला : राव इन्द्रजीत

धारूहेड़ा से 228 करोड़ खर्च कर पाइप लाइन से बैराज के पानी को नजफगढ़ ड्रेन में डाला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गुरुग्राम के बाद रेवाड़ी सबसे विकसित जिला होगा और रेवाड़ी को विकसित बनाने के लिए धारूहेड़ा इंजन से खींचने का काम करेगा। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को नगर पालिका धारूहेड़ा में नवनिर्वाचित चेयरमैन सत्यनारायण उर्फ अजय जांगड़ा और वार्ड पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने नवनिर्वाचित चेयरमैन और 18 वार्ड पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि सभी पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। इस अवसर पर बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, कोसली के विधायक अनिल यादव और भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली मौजूद रही। धारूहेड़ा के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुरेश कुमार ने चेयरमैन सत्यनारायण उर्फ अजय जांगड़ा और वार्ड पार्षदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि नपा के जीते हुए पार्षदों में महिलाओं की संख्या अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन भी है कि लोकसभा, विधानसभा के साथ-साथ जिला परिषद और अन्य इकाईयों में भी महिलाओं की भागीदारी अधिक हो। आने वाले दिनों में लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण को लेकर प्रस्ताव लाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि धारूहेड़ा में जिला की सबसे ज्यादा इंडस्ट्री है। धारूहेड़ा जिले को विकास के मामले में आगे लेकर जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इसको लेकर प्रयासरत है। 228 करोड़ की राशि खर्च कर पाइप लाइन के माध्यम से बैराज के पानी को नजफगढ़ ड्रेन में डाला जाएगा।



रेवाड़ी। केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते नवनियुक्त चेयरमैन व जिलाध्यक्ष।

### सभी पार्षद धारूहेड़ा के विकास के लिए करें कार्य : डॉ कृष्णा

बावल के विधायक डा कृष्ण कुमार ने कहा कि सभी पार्षद मिलकर धारूहेड़ा के विकास के लिए कार्य करें। धारूहेड़ा को स्वच्छता और सौंदर्यकरण में भी आगे लेकर जाने का कार्य करें। कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि सभी मिलकर धारूहेड़ा को विकसित बनाने की दिशा में कार्य करने के साथ जनहित के मुद्दों का निवारण करें। भाजपा जिला अध्यक्ष ने भी नवनिर्वाचित चेयरमैन अजय जांगड़ा और वार्ड पार्षदों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला नगर आयुक्त ब्रह्मप्रकाश, पूर्व जिला अध्यक्ष हुकमचंद यादव, जिला महामंत्री पंडित हिमांशु पालीवाल, उप जिला प्रमुख अनिल रायपुर, सुनील मूसेपुर, अजीत, रामपाल यादव, राव इन्द्रपाल, उपाध्यक्ष प्रवीन व खुशीराम जांगड़ा रहे।

## विवेक भाटोटिया दो वर्षों से कर रहे थे पत्राचार, अब वाहन चालकों को अंधेरे से मिलेगी निजात

# आधुनिक लाइटों से जगमग होगा एनएच-352, 5.35 करोड़ मंजूर, टेंडर भी हुए जारी

**हाईवे पर जल्द लगाई जाएगी करीब 484 एलईडी लाइटें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एनएच-352 रेवाड़ी-रोहतक हाइवे जल्द ही एलईडी लाइटों से जगमग नजर आएगा। हाइवे पर गुरावड़ा से गांव संगवाड़ी तक आधुनिक एलईडी लाइटें लगाई जाएगी, जिसके लिए 5.35 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। गांव डूंगरवास निवासी युवा समाजसेवी विवेक भाटोटिया की लगातार दो वर्षों तक किए गए जनहित के प्रयास सफल हो गए हैं। भाटोटिया की मांग पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-352 पर नई एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाने के लिए कार्य का टेंडर भी जारी कर दिया गया है, जिससे जल्द ही इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर आधुनिक प्रकाश व्यवस्था का कार्य शुरू होगा। हाइवे पर करीब 484 एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। परियोजना कार्यान्वयन इकाई सोनीपत के परियोजना निदेशक की ओर से विवेक भाटोटिया को भेजे गए पत्र के अनुसार गांव गुरावड़ा से गांव संगवाड़ी तक वर्षों पुरानी एवं खराब हो चुकी हैलोजन स्ट्रीट लाइटों को हटाकर नई एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इस कार्य का टेंडर मेसर्स मॉर्फिंग इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड को जारी किया जा चुका है तथा निर्धारित समयावधि में इसे पूरा किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत कुल नए विद्युत पोल, एलईडी स्ट्रीट लाइटें तथा हाई मास्ट लाइटें स्थापित की जाएंगी। लंबे समय से अंधेरे में डूबे इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोशनी होने से रात्रि के समय सफर करने वाले हजारों वाहन चालकों एवं आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।




रेवाड़ी। एनएच-352 पर बंद पड़ी लाइटें।

**वर्षों से बंद पड़ी थी स्ट्रीट लाइटें**

विवेक भाटोटिया ने कहा कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग पर लंबे समय से पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की आवश्यकता थी। वर्तमान में रेवाड़ी जिले की सीमा में एनएच-352 पर अधिकांश स्ट्रीट लाइटें वर्षों से बंद पड़ी हैं। स्थिति यह है कि गंगायचा टोल प्लाजा भी रात के समय अंधेरे में रहता है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि समस्या को लेकर पिछले दो वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के समक्ष लगातार पत्राचार किया गया तथा कई स्तरों पर इस जनहित के मुद्दे को उठाया गया। अब परियोजना को स्वीकृति मिलने और टेंडर जारी होने के बाद उम्मीद है कि जल्द ही पूरा मार्ग रोशनी से जगमगा उठेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से न केवल सड़क सुरक्षा को मजबूती मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के हजारों नागरिकों, यात्रियों और वाहन चालकों को भी स्थाई राहत मिलेगी।



# जल संरक्षण को लेकर आंदोलन से लोगों को जागरूक करने पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सोमवार को जलतीर्थों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए संकल्पित संघ अनुप्राणित 'गंगा समग्र' की बैठक राजा वाटिका में हुई। बैठक की अध्यक्षता गोकुलपुर धाम के स्वामी धीरजगिरि ने की तथा संचालन मुरारी लाल ने किया। इस मौके पर जल है तो कल है के सत्य को समझते हुए जल को बचाने के लिए संगठित होकर जन आंदोलन चलाने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण का महत्व बताने के लिए आह्वान किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय शिक्षण आयाम के प्रमुख गिरीश चतुर्वेदी, हरियाणा प्रांत संयोजक सतपाल शर्मा एवं दक्षिण भाग संयोजक राकेश यादव ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भूपेन्द्र यादव को हरियाणा प्रांत का सह पौधरोपण आयाम प्रमुख तथा सुमंत को जिला संयोजक बनाया। बैठक में नरेन्द्र शर्मा सेवा भारती, अर्चना यादव जिला उपाध्यक्ष आरोग्य भारती, रवि उप नगर कार्यवाह व ऋषिपाल आदि रहे।



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित संगठन के सदस्य व अन्य लोग।

## बावल कार्यक्रम को लेकर मुखर हुए राव औपचारिक निमंत्रण नहीं मिलने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बीते 30 जून को बावल में आयोजित सीएम नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और हलके के विधायक की अनुपस्थिति को लेकर राव ने खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने दावा किया कि उन्हें और विधायक को कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण तक नहीं दिया गया, जिसके लिए उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्रालय को पत्र भी लिखा है। धारूहेड़ा में आयोजित नगर पालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में राव ने कहा कि उन्हें प्रदेश सरकार से कोई गिला-शिकवा नहीं है। यह कार्यक्रम केंद्रीय कृषि मंत्रालय का था, जिसका निमंत्रण कार्ड उन्हें नहीं मिला। उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी से भी इस मामले में बात की थी। उन्होंने इसे बाबूओं की गलती बताकर ठीक कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन उन्हें इसके बाद भी निमंत्रण कार्ड नहीं मिला। जो कार्ड सोशल मीडिया पर चल रहा था, उसमें भी प्रोटोकॉल की अनदेखी की गई। राव ने कहा कि इस कार्यक्रम में जिस तरह से स्थानीय नेताओं की अनदेखी की गई है, वह सही नहीं है। बावल के विधायक को भी कार्यक्रम में नजरअंदाज किया गया, जिस पर आपत्ति जताने के लिए उन्होंने कृषि मंत्रालय को पत्र भेज दिया था। पार्टी के कार्यक्रमों में इस तरह से स्थानीय नेताओं को उपेक्षित नहीं किया जाना चाहिए।

## सुराना मोड़ पर वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**नारनौल।** गांव सुराना में रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 52 वर्षीय किसान की मौत हो गई। हादसा एनएच-11 पर सुराना मोड़ के समीप हुआ, जहां पैदल जा रहे किसान को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गांव सुराना निवासी सतबीर (52) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे सतबीर एनएच-11 पर स्थित सूराना मोड़ के पास पैदल अपने गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# विद्यार्थियों को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने का दिलाया संकल्प

- कार्यक्रम में छात्रों ने चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं से अपनी प्रतिभा और देशभक्ति का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मेरा युवा भारत की ओर से सोमवार को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोरी में प्रेरणादायक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इस मौके पर अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता, संगोष्ठी, पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, विचारों तथा राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा एवं देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, शिक्षक व विद्यार्थी।



## एन एन झुग्गी झोपड़ी स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटी यूनिफॉर्म व स्टेशनरी

**रेवाड़ी।** सोमवार को एन एन झुग्गी-झोपड़ी स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को यूनिफॉर्म वितरित की गई। मुख्य अतिथि एडवोकेट सचिन मलिक प्रधान पंजाबी समाज व संस्था के डायरेक्टर नरेंद्र गुगनानी सहित अन्य सदस्यों ने बच्चों को ड्रेस वितरित की। स्कूल संचालक ने बताया कि पिछले 16 वर्षों में 500 से ज्यादा बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजा गया तथा 6000 से ज्यादा बच्चे यहां से पढ़कर जा चुके हैं। संचालक ने बताया कि स्कूल में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ स्टेशनरी, स्कूल बैग तथा वर्ष में दो बार ड्रेस मुफ्त दी जाती है। विशिष्ट अतिथि डा. संजीव अरोड़ा तथा डा. शालू अरोड़ा ने कहा कि बच्चों की स्वास्थ्य जांच फ्री करने की घोषणा की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जगमोहन अग्रवाल, बलजीत यादव, नरेंद्र बत्रा, साहिल खरबंदा, दिनेश कपूर, डा. पल्लवी यादव, डा. सुधीर जांगड़ा आदि रहे।

# जीओ गीता परिवार का दो दिवसीय कार्यक्रम 12 से, पंजाबी भवन में होगा सत्संग

- शिविर में होगी ईसीजी, रक्तचाप व फाइब्रोस्कैन की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर में आध्यात्मिक चेतना एवं मानव सेवा को समर्पित दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 12 एवं 13 जुलाई को जीओ गीता श्रीकृष्ण कृपा परिवार की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम में गीता मनीषी महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के पहले दिन 12 जुलाई को शाम 5 बजे से पुराना कोर्ट रोड स्थित पंजाबी भवन में दिव्य श्रीमद् भागवत गीता सत्संग का आयोजन होगा। स्वामी ज्ञानानंद अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी प्रवचनों के माध्यम से गीता के शाश्वत संदेशों को सरल एवं व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 13 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निजी अस्पताल व रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी रायल्स के सहयोग से मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य जांच एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा ईसीजी, रक्तचाप, ब्लड शुगर, बोन मिनरल डेंसिटी, फाइब्रोस्कैन, मैमोग्राफी, पैप स्मीयर टेस्ट, फेफड़ों की जांच, प्रोस्टेट जांच, टीबी जांच, कृत्रिम अंग परामर्श एवं रक्तदान शिविर जैसी अनेक स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध रहेगी।



रेवाड़ी। प्रेसवार्ता में मौजूद आयोजक व अन्य लोग। *फोटो : हरिभूमि*

## नशे की लत से मानव जीवन समय से पहले हो जाता है मौत का शिकार : एसपी हेमेंद्र मीणा

जिला पुलिस की ओर से आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत कराने के साथ नशे के आदी युवाओं का इलाज कराकर समाज की मुख्यधारा में भी जोड़ा जा रहा है। पुलिस टीम नशा करने वालों की जानकारी एकत्रित कर तथा उनकी काउंसलिंग कराकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित कर रही है। अभियान के तहत पुलिस की नशा मुक्त टीम ने सोमवार को गवर्नमेंट स्कूल गांव बेरली खुर्द में विद्यार्थियों व आमजन को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है।नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा।





## अभियान के तहत पुलिस कर्मियों ने किया श्रमदान पुलिस लाइन, थाना और चौकी में की साफ-सफाई

**रेवाड़ी।** सोमवार को पुलिस के जवानों ने साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाकर श्रमदान किया। अभियान के तहत जिले के सभी थानों, चौकियों तथा पुलिस लाइन परिसर में साफ-सफाई का कार्य किया। अभियान में पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व कर्मचारी शामिल थे। महिला पुलिस कर्मचारियों ने भी कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पुलिस के जवानों ने पुलिस लाइन के मैदान व पार्क के अलावा थानों व चौकियों के कचरे को एकत्रित करते निस्तारण किया। एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि सभी को अपने आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। श्रमदान स्वेच्छा से जुड़ा हुआ कार्य है, जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को तन-मन से भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वातावरण का सीधा असर हमारी मानसिक व शारीरिक स्थिति पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है।

# सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान को पहचानने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। उन्होंने बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थानों, स्वैच्छिक संगठनों, कॉर्पोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक, अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया-वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने भारत में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, के क्षेत्र में काम किया हो।



उपायुक्त



## गवर्नमेंट स्कूल बगथला में फलदार पौधे किए रोपित

**रेवाड़ी।** सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगथला में प्राचार्या मंजू बाई ने फलदार पौधे लगाकर पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। इको-क्लब प्रभारी हर्ष कुमार ने बताया कि विद्यालय में एक नई पहल शुरू की गई है, जिसके तहत स्कूल परिसर में अनार, अमरुद, जामुन, चीकू, नींबू, आंवला, अखरोट, आम, संतरा व कागजी बादाम के फलदार पौधे लगाए गए। इन पौधों की समय-समय पर उचित देखभाल भी की जाएगी ताकि आगामी वर्षों में बच्चों को फल मिल सकें। स्कूल में इको-फ्रेंडली वॉल का निर्माण भी किया गया है, जिसमें छायादार पेडों के पौधे लगाए गए है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक 20 फीट की दूरी पर एक पेड़ बच्चों को पर्यावरण ऊर्जा प्रदान कर रहा है। इस मौके पर छात्रा दीया, अंकिता, अंकित, हर्षिका, निशा, मनीषा, हर्षिता, कृष्ण पाल व सागर सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

# चित्रगुप्त सभा की नई कार्यकारिणी गठित संजय माथुर अध्यक्ष व डॉ. रूचि बनी सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सोमवार को श्री चित्रगुप्त सभा की बैठक का आयोजन श्री चित्रगुप्त मंदिर कुतुबपुर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता के के सक्सेना अध्यक्ष ने की, जबकि संचालन डा. हरिओम कुलश्रेष्ठ सचिव ने किया। सभा का शुभारंभ चित्रगुप्त महाराज की आरती के साथ पंडित सुनील दुलिया ने कराया। सभा की पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल जून में समाप्त होने नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें डा. एस एन सक्सेना को वरिष्ठ संरक्षक, महेश चंद्रा को संरक्षक, संजय माथुर को अध्यक्ष, डा. रूचि सक्सेना को सचिव और टी एस भटनागर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। महिला विंग अध्यक्ष की जिम्मेदारी डा. रजनी चंद्रा को सौंपी गई। इस मौके पर नवनियुक्त सचिव डा. रूचि सक्सेना ने कहा कि श्री चित्रगुप्त मंदिर को और सुंदर बनाने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष के के सक्सेना ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी। इस मौके पर सभा की ओर से मेधावी चित्रांश बच्चों को सम्मानित किया गया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मेधावी छात्रा को छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए।

## एसपी बोले, कोई भी सरकारी एजेंसी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती

# साइबर ठग भरोसा जीतकर खाते कर रहे खाली

- नागरिक किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयर या रिमोट एक्सेस एप्स डाउनलोड न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि साइबर अपराधी लगातार ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। पहले जहां वे लॉटरी, केवाईसी या बैंक अधिकारी बनकर लोगों को निशाना बनाते थे, वहीं अब साइबर ठग व्हाट्सअप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ओएलएक्स, फेक इंवेस्टमेंट एप्स, डिजिटल अरेस्ट, रिमोट एक्सेस एप्स, क्यू आर कोड स्कैम, वर्क फ्रॉम होम, पार्ट टाइम जॉब, ऑनलाइन ट्रेडिंग और लोन एप्स के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी, पुलिस, सीबीआई, ईडी, आरबीआई, आयकर विभाग या बैंक कभी भी वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है और न ही फोन पर पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहती है। ऐसे कॉल या संदेश पूरी तरह फर्जी होते हैं।

**साइबर ठगी से बचने के सरल उपाय**

किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। ओटीपी, सीवीवी, एटीएम पिन या बैंक संबंधी जानकारी किसी से साझा न करें। किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयर या रिमोट एक्सेस एप्स डाउनलोड न करें। सोशल मीडिया पर आने वाले निवेश या नौकरी के ऑफर की पहले पूरी जांच करें। केवल आधिकारिक वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप का ही उपयोग करें। किसी भी प्रकार के लालच या डर में आकर तुरंत पैसे ट्रांसफर न करें। यदि फिर भी साइबर ठगी हो जाती है तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें।



10th & 12th (NIOS)
ओपन से पास करें।
O.R. GROUP OF INSTITUTIONS